# नगर निगम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष व आश्रय स्थल बनाये

## आपदा प्रबंधन हेतु निगम ने किये व्यापक प्रबंध

रतलाम । अति वृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद किया है। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत् जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित किया जाकर भवन स्वामी को नोटिस दिये जाने तथा क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाये जाने तथा शहर के नाले नालियों एवं वाल के चेम्बरों पर लगे ढक्कन व फर्शी इत्यादि खुली न रहे इसकी व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग एवं कर्मशाला विभाग को सौंपी है।

अति वृष्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाये जाकर कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है जिसके तहत् गांधीनगर कम्युनिटी हॉल पर श्री विशाल भटनागर मो0नं0 9300885504, ईश्वर नगर विद्यालय भवन पर श्री मुकेश मेहता मो0 नं0 9629647211, शैलनीपुरा जमातखाना पर श्री विजय अग्रवाल मो0 नं0 9907454456, अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड पर राजेश सिंह सेंगर मो0 नं0 7697052031, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर श्री प्रदीप उपाध्याय मो0 नं0 9589944748, धीरजशाह नगर रॉयल हॉल पर श्री कुलदीप भट्ट मो0 नं0 7471144027, भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी पर श्री महेश व्यास मो0 नं0 9752971374 तथा श्री जैन उ.मा.विद्यालय सागोद रोड पर श्री सुनील कपूर मो0 नं0 9644000433 को नियुक्त किया गया है । आश्रय स्थलों के व्यवस्था की जिम्मेदारी उपयंत्री श्री विकास मरकाम उपयंत्री को सौंपी गई है। जो नियुक्त किये गये कर्मचारियों के सहयोग से समुचित व्यवस्था सुनिश्चित् करेंगे।

आपदा प्रबंधन के उपयोग में आने वाली आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों का आंकलन कर उसके भण्डारण की जिम्मेदारी भण्डार रक्षक को सौंपी है साथ ही वर्षा ऋतु में शुद्ध जल की उपलब्धता एवं वितरण के लिये आवश्यक रसायनों की व्यवस्था एवं उपलब्धता तथा पानी निकालने के लिये पम्प आदि की व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय को सौंपी है।

जल की समुचित निकासी एवं व्यवस्थित बहाव के लिए आवश्यक व्यवस्था तथा इस हेतु पृथक से दल गठित करना, वर्षा काल में सड़ी-गली सब्जी-फल आदि के विनिष्टीकरण की कार्यवाही एवं इस हेतु पृथक से दल गठित करना तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रो में छोटे एवं बड़े नाले-नालियों की वर्षा पूर्व समुचित सफाई एवं जल एक स्थान पर एकत्रित न हो इसकी व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों एवं मुत्रालयों की नियमित रूप से साफ-सफाई करवाई जाकर आपदा प्रबंधन के संबंध में आवश्यक संसाधन, कीटनाशक आदि की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी प्र.स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को सौंपी गई है। इसके अलावा प्रकाश हेतु टार्च, पेट्रोमेक्स, तैराक इत्यादि की व्यवस्था के भी निर्देश संबंधित को दिये है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्य के लिये नियंत्रण कक्ष जिसका दूरभाष नम्बर 07412-270563 स्थापित कर उपयंत्रियों एवं सहायक कर्मचारियों की 8-8 घन्टे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई।

इसके अलावा नाले नालियों की सफाई, वर्षा के जल को बड़े नालों में मिलाना, वर्षा का पानी एक स्थान पर एकत्रित होने पर कच्चे नाले-नालियों का निर्माण करना, अतिवृष्टि स्थल पर विद्युत लाईन काटने हेतु दल गठित करना, आपदा की स्थिति में फायर बिग्रेड दल को सुलभ रखना, तैराक की व्यवस्था करने सहित निगम के अन्य वाहनों को कार्यशील अवस्था में रखने के निर्देश संबंधितों को दिये।

स्वतंत्र [illegible] 28/6/21

## आज सिर्फ कोवैक्सीन का टीका लगेगा

# 10 स्थानों पर होगा टीकाकरण, दो स्थानों पर दूसरा डोज लगेगा

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. शहरी क्षेत्र में कोविड-19 वैक्सीनेशन महा अभियान के दौरान सोमवार 28 जून के लिए शहरी क्षेत्र में कुल 10 स्थानों का चिन्हांकन किया गया है। इन क्षेत्रों में सभी 10 केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति जन्म दिनांक वाला आईडी लेकर सीधे उपस्थित होकर को वैक्सीन का वैक्सीन लगवा सकेंगे। अभियान के दौरान ऑनलाइन प्रि बुकिंग कराना अनिवार्य नहीं है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सोमवार 28 जून को केवल शहरी क्षेत्र में ही कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा। जिले में अन्य किसी भी केंद्र पर वैक्सीनेशन नहीं होगा। शहरी क्षेत्र रतलाम में रामकला सभागृह लक्ष्मण पुरा रतलाम, गुरु नानक सिंधु भवन चिरियाखेड़ी रोड रतलाम, शांति निकेतन टाटा नगर रतलाम, सगर वंशी माली समाज धर्मशाला माली कुंआ, डीआरपी लाइन आनंद कॉलोनी, लायंस हॉल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे पावर हाउस रोड, कालिका माता सभागृह कालिका माता मंदिर, सूरज हाल वेद व्यास कॉलोनी रतलाम पर को वैक्सीन का प्रथम डोज लगाया जाएगा।


रतलाम शहर के दो केंद्र को वैक्सीन का केवल दूसरा टीका लगाने के लिए आरक्षित किए गए हैं। शहरी क्षेत्र रतलाम में जिन लोगों को को वैक्सीन का पहला टीका लगवा कर 28 दिन पूर्ण हो चुके हैं, वे सभी इन दोनों केंद्रों में किसी केंद्र पर उपस्थित होकर अपना को वैक्सीन का दूसरा टीका लगवा सकते हैं। प्रथम टीका यदि को वैक्सीन का लगा है तो दूसरा टीका भी को वैक्सीन का ही लगेगा और यदि पहला टीका कोविशिल्ड का लगा है, तो दूसरा टीका भी कोविशिल्ड का लगना अनिवार्य है। सोमवार को आयोजित वैक्सीनेशन कार्यक्रम अंतर्गत कहीं भी कोविशिल्ड का वैक्सीनेशन नहीं किया जाएगा।

# प्रदेश में वैक्सीन की चार लाख डोज मौजूद आज सिर्फ 26 जिलों में ही होगा टीकाकरण

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना टीकाकरण महाअभियान के दौरान प्रदेश में वैक्सीन की कमी हो गई है। प्रचार-प्रसार और लोगों में जागरूकता की वजह से बड़ी संख्या में लोग टीका लगवाने पहुंच रहे हैं, लेकिन कई लोगों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। शनिवार को प्रदेश के सभी जिलों में ज्यादातर केंद्रों में ऐसी स्थिति बनी। लिहाजा अब निर्णय लिया गया है कि सोमवार को प्रदेश के सिर्फ 26 जिलों में ही टीकाकरण किया जाएगा। ये वे जिले हैं जहां अभी तक 25 फीसद से कम लोगों को ही टीका लग पाया है। ज्यादातर बड़े

**टीके का टोटा, बनाई रणनीति**

**25%**
**से कम लोगों को टीका लगाने वाले जिलों में आज टीकाकरण**



जिन जिलों में कोरोना के ज्यादा मरीज मिले और संक्रमण दर भी ज्यादा रही है वहां पर शुरू में ज्यादा ध्यान था। इनमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन आदि जिले शामिल हैं। अब इन जिलों में टीकाकरण की स्थिति बेहतर हो चुकी है, लिहाजा सोमवार को 25 फीसद से कम टीकाकरण वाले जिलों में ही टीका लगाया जाएगा। - डॉ. संतोष शुक्ला, राज्य टीकाकरण अधिकारी

को टीका लग चुका है, इसलिए इन जिलों में सोमवार को टीका नहीं लगाया जाएगा। इनमें भोपाल, इंदौर भी शामिल हैं।

पर्याप्त मात्रा में टीका उपलब्ध नहीं

आयोजित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने बताया कि मौजूदा स्थिति में प्रदेश में टीका के सिर्फ चार लाख डोज बचे हैं। इसमें कोविशील्ड

# प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा और सहयोग से वैक्सीनेशन में अग्रणी बना मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री

प्रसारण न्यूज़ • भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और सहयोग से वैक्सीनेशन में मध्यप्रदेश अग्रणी बना है। देश में एक साथ 21 जून को 86 लाख से अधिक लोगों ने वैक्सीन लगवाई। इसी दिन मध्यप्रदेश में भी 16 लाख से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाई गई। अन्य राज्यों की अपेक्षा मध्यप्रदेश की वैक्सीनेशन में लगभग 20 प्रतिशत भागीदारी रही। यह प्रदेशवासियों के दृढ़संकल्प और फ्रंटलाइन वर्कर्स की कार्य-कुशलता का नतीजा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कर्मठ नेतृत्व एवं सतत प्रोत्साहन से पूरे देश में टीकाकरण की गति निरन्तर बढ़ रही है।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पित और संकल्पित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को पाकर राष्ट्र धन्य हो गया है। उनकी प्रेरणा से सभी राज्यों में वैक्सीनेशन के प्रति एक स्वस्थ प्रति स्पर्धा जैसा माहौल निर्मित हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की आत्मीय एवं सरल शब्दों में दी गई प्रेरणा से ही बैतूल जिले के गाँव डुलारिया के 126 लोगों ने वैक्सीन लगवाई है। साथ ही गाँव के अन्य लोग भी वैक्सीन लगवाने के लिये तैयार हुए हैं। स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीनेशन की कार्यवाही की जा रही है।

## वैक्सीन के प्रति विश्वास के साथ जागा उत्साह

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि टीकाकरण महाअभियान में प्रदेशवासियों ने वैक्सीन के प्रति जो विश्वास और उत्साह दिखाया, उसी का परिणाम है कि अभियान में प्रतिदिन वैक्सीनेशन का रिकार्ड कायम होता गया। महाअभियान के पहले दिन मध्यप्रदेश में 16 लाख 95 हजार, दूसरे दिन 11 लाख से अधिक, तीसरे दिन 7 लाख से अधिक और महाअभियान के चौथे दिन 10 लाख लोगों ने कोरोना से सुरक्षा के लिये वैक्सीन लगवाई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में वैक्सीन के प्रति आमजन में विश्वास बढ़ा है। इस उपलब्धि में उन लोगों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने स्व-प्रेरणा से आगे आकर जन-जागरूकता के लिये प्रेरक की भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने टीकाकरण महाअभियान में सहयोगी बने सभी वर्गों का आभार माना है।

## लगभग पौने 2 करोड़ आबादी हुई वैक्सीनेट

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अब तक प्रदेश की लगभग पौने 2 करोड़ आबादी को वैक्सीन लगाकर कोरोना से सुरक्षा का कवच प्रदान किया जा चुका है। इनमें से हेल्थकेयर वर्कर्स और फ्रंटलाइन वर्कर्स में 10 लाख 24 हजार को पहला डोज और 67 हजार 30 को दूसरा डोज लग चुका है। इसी प्रकार 18 से 44 वर्ष के युवा वर्ग में 83 लाख 30 हजार को पहला डोज और 13 लाख 95 हजार को दूसरा डोज लग चुका है। तीसरा वर्ग 45 वर्ष से अधिक आयु के 80 लाख 90 हजार को प्रथम डोज और 15 लाख 44 हजार को वैक्सीन का दूसरा डोज लग चुका है। प्रदेश में टीकाकरण का कार्य निरन्तर जारी रहेगा।

## लोगों ने माना जीवन बचाने के लिए अहम है वैक्सीन

टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने के लिये पूरे प्रदेश में सकारात्मक वातावरण तैयार किया गया। इसमें जन-भागीदारी भी सुनिश्चित की गई। वैक्सीनेशन के लिये बनाये गये केन्द्रों पर माकूल व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए इसका भी ध्यान रखा गया कि केन्द्र पर आये लोगों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। भोपाल के टीकाकरण केन्द्र पर वैक्सीन लगवाने आई एक महिला ने कहा कि अपनी और बेटी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मैंने वैक्सीन लगवाई है। सतना जिले की धवारी निवासी कुमारी श्वेता श्रीवास्तव का कहना है कि टीकाकरण महाअभियान में मैंने वैक्सीन का पहला डोज लगवा लिया है। उन्होंने सभी युवाओं से अपील की कि वे भी जीवन सुरक्षा के लिये वैक्सीन लगवा लें। भोपाल के मोहम्मद फारूक ने टीका लगवाकर अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने अन्य लोगों को भी प्रेरित कर टीकाकरण का महत्व समझाया। भोपाल की सविता भी टीकाकरण करवाकर काफी प्रसन्न और अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही हैं। जिला सहकारी संघ मर्यादित शाजापुर के प्रबंधक श्री शब्बीर खान ने भी कोरोना वैक्सीन लगवाई और कहा कि कोरोना से बचाव का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन ही है।

प्रसारण 28/6/21

# 993 मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 26 जून तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 993 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 26 जून को दीनदयाल नगर, बाजना बस स्टैण्ड, हाट रोड आदि क्षेत्रों से 6 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़े का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

प्रसारण, 29/6/21

# नगर से निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन किया जा रहा है वजन

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा है जिसके तहत 87 टन कचरा जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया गया। डम्पर व ट्रेक्टर ट्रॉली से 48055, काम्पेक्टर सूखा कचरा 23245, काम्पेक्टर गीला कचरा 15000 व कन्टेटमेंट मैजिक से 1140 किलो इस तरह कुल 87440 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया गया। प्रसारण

# सोमवार को 10 स्थानों पर टीकाकरण होगा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम के शहरी क्षेत्र में कोविड-19 टीकाकरण महा अभियान के दौरान सोमवार 28 जून के लिए शहरी क्षेत्र में कुल 10 स्थानों का चिन्हांकन किया गया है। शहरी क्षेत्र में सभी 10 केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति जन्म दिनांक वाला आईडी लेकर सीधे उपस्थित होकर को टीका लगवा सकेंगे । उल्लेखनीय है कि अभियान के दौरान ऑनलाइन प्री. बुकिंग कराना अनिवार्य नहीं है ।

शहरी क्षेत्र रतलाम में रामकला सभागृह लक्ष्मण पुरा रतलाम, गुरु नानक सिंधु भवन विरिया खेड़ी रोड , शांतिनिकेतन टाटा नगर , सगर वंशी माली समाज धर्मशाला माली कुआं , डीआरपी लाइन आनंद कॉलोनी , लायंस हॉल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे पावर हाउस रोड , कालिका माता सभागृह कालिका माता मंदिर , सूरज हाल वेद व्यास कॉलोनी पर को वैक्सीन का प्रथम डोज लगाया जाएगा ।

रतलाम शहर के दो केंद्र को वैक्सीन का केवल दूसरा टीका लगाने के लिए आरक्षित किए गए हैं । शहरी क्षेत्र में को वैक्सीन का दूसरा टीका पुराना कलेक्ट्रेट रतलाम तथा अलकापुरी कम्युनिटी हॉल रतलाम में लगाया जाएगा। शहरी क्षेत्र रतलाम में जिन लोगों को को-वैक्सीन का पहला टीका लगवा कर 28 दिन पूर्ण हो चुके हैं , वे सभी इन दोनों केंद्रों में किसी केंद्र पर उपस्थित होकर अपना को वैक्सीन का दूसरा टीका लगवा सकते हैं ।

उल्लेखनीय है कि प्रथम टीका यदि को वैक्सीन का लगा है तो दूसरा टीका भी को वैक्सीन का ही लगेगा । और यदि पहला टीका कोविशिल्ड का लगा है , तो दूसरा टीका भी कोविशिल्ड का लगना अनिवार्य है। सोमवार को आयोजित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत कहीं भी कोविशिल्ड का टीकाकरण नहीं किया जाएगा ।

# आज शहरी क्षेत्र में 10 स्थानों पर को वैक्सीनेशन

रतलाम। शहरी क्षेत्र में कोविड-19 वैक्सीनेशन महा अभियान के दौरान सोमवार 28 जून के लिए शहरी क्षेत्र में कुल 10 स्थानों का चिन्हांकन किया गया है। शहरी क्षेत्र में सभी 10 केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति जन्म दिनांक वाला आई डी लेकर सीधे उपस्थित होकर को वैक्सीन का वैक्सीन लगवा सकेंगे

## यहां लगेगा को वैक्सीन का दूसरा डोज

रतलाम शहर के दो केंद्र को वैक्सीन का केवल दूसरा टीका लगाने के लिए आरक्षित किए गए हैं । शहरी क्षेत्र में को वैक्सीन का दूसरा टीका पुराना कलेक्ट्रेट रतलाम तथा अलकापुरी कम्युनिटी हॉल रतलाम में लगाया जाएगा । शहरी क्षेत्र रतलाम में जिन लोगों को को वैक्सीन का पहला टीका लगवा कर 28 दिन पूर्ण हो चुके हैं , वे सभी इन दोनों केंद्रों में किसी केंद्र पर उपस्थित होकर अपना को वैक्सीन का दूसरा टीका लगवा सकते हैं ।

# सड़क की जांच के लिए टीम पहुंची लेकिन बारिश शुरू हो गई, टीम बगैर जांच के लौटी

## त्रिवेणी की सड़क की गुणवत्ता की जांच के लिए कलेक्टर ने बनाई है कमेटी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

एक महीने पहले त्रिवेणी में बनी डामर की सड़क की गुणवत्ता की जांच के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दो सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति के सदस्य रविवार दोपहर को जांच के लिए मौके पर पहुंचे। जांच के पहले सड़क की नपती शुरू की। नपती चल ही रही थी कि तेज हवा के साथ ही करीब दस मिनट बाद बारिश शुरू हो गई। इससे सभी अफसर सड़क में खड़े हो गए लेकिन बारिश जारी रही। जब आधे घंटे बाद भी बारिश नहीं रुकी तो सभी अफसर रवाना हो गए। अब सोमवार को जांच की उम्मीद है।

रोड की स्थिति है कि कई जगह पर अंगुली लगाने से ही डामर निकल रहा है। इस पर दैनिक भास्कर ने मामला प्रमुखता से उठाया था। इस पर कलेक्टर ने जांच समिति का गठन किया है। समिति को 7 दिन में सड़क की गुणवत्ता की जांच कर कलेक्टर को रिपोर्ट प्रस्तुत करना है।

### अभी यह है स्थिति

इस सड़क का निर्माण पिछले महीने हुआ है लेकिन कई जगहों पर तो यह हाल है कि अंगुली लगाने से ही डामर निकल रहा है। वहीं मुक्तिधाम से कुछ ही दूरी पर तो भारी वाहन निकलने से सड़क ही दब गई है। जबकि लोगों की लंबी मांग के बाद एक महीने पहले ही सड़क पर डामरीकरण हुआ है।

दै. भास्कर 28/6/21

डेथ का डाटा मैनेजमेंट

**अस्पतालों में मरीज नहीं, मौत हर रोज औसतन 25**

# अप्रैल-मई की मौत जून में बता रहे


## प्रदेश में पिछले 13 दिन में 1271 मरीज, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में 329 मौत, यानी 26%

राहुल शर्मा | भोपाल

भोपाल, रतलाम सहित पूरे प्रदेश में कोविड संक्रमण की रफ्तार अपने न्यूनतम स्तर पर है। सरकारी और निजी अस्पतालों में कोरोना के मरीज नहीं हैं। लेकिन, स्वास्थ्य संचालनालय की आईडीएसपी शाखा प्रदेश में रोजाना औसतन 25 मरीजों की मौत बता रहा है। जो नए मरीजों की तुलना में करीब 26 फीसदी है। ऐसा स्वास्थ्य संचालनालय के अफसरों द्वारा कोविड मरीजों की मौत का डाटा मैनेजमेंट करने के कारण हो रहा है। आलम यह है कि राजगढ़ में पिछले दो सप्ताह में कोरोना से एक भी मरीज की मौत नहीं हुई है। लेकिन, हेल्थ बुलेटिन में 29 मरीजों की मौत होना दर्ज है। यह खुलासा जून में कोविड से हुई मौतों के सरकारी रिकॉर्ड की पड़ताल में हुआ है। खास बात यह है कि जिन जिलों में मौतें बताई जा रही हैं उनमें से कई जगह पिछले 15 दिनों से कोरोना की वजह से किसी की मौत ही नहीं हुई है। जो मौतें बताई जा रही हैं, वे अप्रैल और मई के बीच है, जब संक्रमित तीन हजार से ज्यादा बढ़ रहे थे।

बुलेटिन में 1 जून से 22 जून तक प्रदेश में कोरोना से 694 मौतें होना बताई गई है। जबकि इस दौरान संक्रमितों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है। सूत्रों के मुताबिक नई मौतें नहीं हो रही हैं। जो मौतें पहले बुलेटिन में नहीं जुड़ सकी थी, उन्हें अब जोड़ा जा रहा है। इस वजह से मौतें बढ़ी हुई आ रही हैं। बड़े शहरों को छोड़ दिया जाए तो सभी छोटे शहरों में यह स्थिति है।

### मध्यप्रदेश में संक्रमित कम, लेकिन मौतें बढ़ रही हैं




### 3 पॉजिटिव मिले, रतलाम शहर का एक भी नहीं

रतलाम | जिले में कोरोना संक्रमण कम हो चुका है। रविवार को सिर्फ 3 पॉजिटिव मिले। रतलाम शहर का एक भी नहीं है। रविवार को पिपलौदा के 40 साल के पुरुष, रेनमऊ के 21 साल के पुरुष, धराड़ के 35 साल के पुरुष की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। जिले में अब कुल संक्रमित 17477 हो गए हैं।

### राजगढ़ में दो सप्ताह से एक भी मौत नहीं, रिकॉर्ड में 29

आशा रजक (सागर)



• मौत 18 मई
• बताई 23 जून

मीना प्रजापति (सागर)



• मौत 18 अप्रैल
• बताई 20 जून

पिंटू घोटे (बैतूल)



• मौत 19 अप्रैल
• बताई 17-23 जून के बीच

मंजू गौर (ग्वालियर)



• मौत 1 मई
• बताई 14 जून

**16 महीने में 378 गैस पीड़ितों की मौत, 88 के न पते मालूम, न फोन नंबर-** कोरोना से 16 महीने में सरकारी आंकड़ों में 972 मौतें हो चुकी हैं। इसमें से 378 गैस पीड़ितों की हैं। मरने वालों में 40 से 60 साल के थे। चौंकाने वाली बात ये है कि मृतकों में 88 गैस पीड़ित ऐसे हैं जिनके न तो पते सही हैं और न ही मोबाइल नंबर सही हैं।

अफसरों ने माना

### राजगढ़-बैतूल में नई मौत नहीं, पुरानी ही जोड़ रहे हैं

राजगढ़ के जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह का कहना है कि दो हफ्ते से जिले में कोरोना से मौत नहीं हुई है। यह पुरानी मौतें हैं जो पिछले महीने की है। कई मरीज झालावाड़, इंदौर, भोपाल में इलाज करवाने के लिए गए थे और वहीं उनकी मौत हुई। उनका डेथ ऑडिट रिपोर्ट आने में समय लगा। इसी प्रकार बैतूल के सीएमएचओ डॉ. एके तिवारी का कहना है कि जिले में कई दिन से कोरोना से मौत नहीं हुई है। पुरानी मौत अब जुड़कर आ रही हैं। यहां रोजाना संक्रमित ही तीन-चार आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो मौतें पहले नहीं जुड़ी थी वे अब जुड़ रही हैं।

# रविवार को सामान्य दिनों जैसी रही चहल-पहल लेकिन रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू जारी रहेगा

## मॉस्क तथा सामाजिक दूरी के लिए चालानी कार्रवाई में लाई गई गति



रतलाम ● स्वदेश समाचार

कोरोना संक्रमण काल में रविवार को तालाबंदी समाप्त कर दी गई है, उसके पूर्व 1 जून से शहर की गतिविधियों को शुरु करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई थी, उसके बाद केवल शनिवार रात 10 बजे से रविवार प्रात: 8 बजे तक कोरोना कर्फ्यू लागू था, लेकिन अब इसे हटा दिए जाने से आज दिनभर बाजारों में चहल-पहल रही। जो दुकानें रविवार को साप्ताहिक अवकाश के कारण बंद रहती है, वे दुकानें भी खुली रही।

प्रशासनिक निर्देश के अनुसार अब रात्रिकालीन कर्फ्यू रात 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक आगामी आदेश तक जारी रहेगा। शेष दिनों में सारा बाजार खुल सकेंगे। इसके अतिरिक्त जो निर्देश पूर्व में जारी किए गए है वे निर्देश लागू रहेंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि रविवार को तालाबंदी समाप्ति के पश्चात भी मॉस्क तथा सामाजिक दूरी के नियमों का कड़ाई से पालन करवाया जाएगा। पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने शनिवार को आदेश जारी कर रविवार की तालाबंदी को खत्म करने के आदेश जारी कर दिए गए। इसी के अनुसार प्रशासन ने भी निर्देश जारी कर रविवार की तालाबंदी हटा दी।

1 जून के बाद जब से तालाबंदी में शिथिलता दी गई हैं तब से जन-जीवन पटरी पर आना शुरू हो गया है। लगता है कोरोना की यदि सामान्य स्थिति रही तो जो अन्य प्रतिबंध लगाए गए है उनमें भी छूट मिल सकती है।

### तीन पॉजिटिव मिले

23-24 जून को कोरोना पॉजिटिव की संख्या नगण्य रहने के बाद 25 जून को एक पॉजिटिव तथा 26 जून को तीन पॉजिटिव मरीज जिले में पाए गए है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि तीसरी लहर में बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है, उसी निर्देशों के तहत प्रशासन ने भी सतर्कता के निर्देश अपने प्रशासनिक अमले को दिए है। मेडिकल कॉलेज में 26 जून को केवल 15 मरीज उपचारार्थ भर्ती रहे,जिनमें पांच मरीज कोरोना पॉजिटिव है।

### चालानी कार्रवाई में लाई गई गति

शहर में पुन: कोरोना (कोविड-19) संक्रमण का फैलाव ना हो इस उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ फ्लैग मार्च निकालकर नगर के विभिन्न चौराहे, तिराहे, सड़के, सार्वजनिक स्थल, व्यावसायिक क्षेत्र आदि पर बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए मास्क उपलब्ध कराए। फ्लैग मार्च नगर निगम कार्यालय परिसर से विभिन्न वाहनों के माध्यम से निकाला गया जिसमें निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा नागरिकों से अपील की जा रही थी कि वे कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने हेतु अनिवार्य रूप से मास्क लगाकर अपनी, अपने परिवार व आमजन की सुरक्षा करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें।

इस दौरान 125 व्यक्ति व दुकानदार बगैर मास्क के पाए जाने पर संबंधितों पर 100-100 रुपए का जुर्माना कर मास्क प्रदान किए गए व भविष्य में अनिवार्य रूप से मॉस्क लगाने की समझाइश दी गई। नगर निगम द्वारा बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्रवाई जारी रहेगी, नागरिक अनिवार्य रूप से मॉस्क लगाएं।

स्वदेश 28/6/21

### आपदा प्रबंधन हेतु निगम ने किए व्यापक प्रबंध

# नगर निगम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष व आश्रय स्थल बनाए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

अति वृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद किया है।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत् जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित किया जाकर भवन स्वामी को नोटिस दिए जाने तथा क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाए जाने तथा शहर के नाले-नालियों एवं वॉल के चेम्बरों पर लगे ढंकन व फर्सी इत्यादि खुली न रहे इसकी व्यवस्था किए जाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग एवं कर्मशाला विभाग को सौंपी है।

अति वृष्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाए जाकर कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है जिसके तहत् गांधीनगर कम्युनिटी हॉल पर विशाल भटनागर , ईश्वर नगर विद्यालय भवन पर मुकेश मेहता , शैरानीपुरा जमातखाना पर विजय अग्रवाल , आंबेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड पर राजेश सिंह सेंगर , अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर प्रदीप उपाध्याय , धीरजशाह नगर रॉयल हॉल पर कुलदीप भट्ट , भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी पर महेश व्यास तथा श्री जैन उ.मा.विद्यालय सागोद रोड पर श्री सुनील कपूर को नियुक्त किया गया है। आश्रय स्थलों के व्यवस्था की जिम्मेदारी उपयंत्री विकास मरकाम उपयंत्री को सौंपी गई है। जो नियुक्त किए गए कर्मचारियों के सहयोग से समुचित व्यवस्था सुनिश्चित् करेंगे।

आपदा प्रबंधन के उपयोग में आने वाली आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों का आंकलन कर उसके भण्डारण की जिम्मेदारी भण्डार रक्षक को सौंपी है साथ ही वर्षा ऋतु में शुद्ध जल की उपलब्धता एवं वितरण के लिए आवश्यक रसायनों की व्यवस्था एवं उपलब्धता तथा पानी निकालने के लिए पम्प आदि की व्यवस्था किए जाने की जिम्मेदारी प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय को सौंपी है।

जल की समुचित निकासी एवं व्यवस्थित बहाव के लिए आवश्यक व्यवस्था तथा इस हेतु पृथक से दल गठित करना, वर्षा काल में सड़ी-गली सब्जी-फल आदि के विनिष्टीकरण की कार्यवाई एवं इस हेतु पृथक से दल गठित करना तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रो में छोटे एवं बड़े नाले-नालियों की वर्षा पूर्व समुचित सफाई एवं जल एक स्थान पर एकत्रित न हो इसकी व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों एवं मूत्रालयों की नियमित रूप से साफ-सफाई करवाई जाकर आपदा प्रबंधन के संबंध में आवश्यक संसाधन, कीटनाशक आदि की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी प्र.स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को सौंपी गई है। इसके अलावा प्रकाश हेतु टार्च, पेट्रोमेक्स, तैराक इत्यादि की व्यवस्था के भी निर्देश संबंधित को दिए है। स्वदेश

निगम आयुक्त श्री झारिया ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्य के लिए नियंत्रण कक्ष जिसका दूरभाष नम्बर 07412-270563 स्थापित कर उपयंत्रियों एवं सहायक कर्मचारियों की 8-8 घन्टे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई।

इसके अलावा नाले नालियों की सफाई, वर्षा के जल को बड़े नालों में मिलाना, वर्षा का पानी एक स्थान पर एकत्रित होने पर कच्चे नाले-नालियों का निर्माण करना, अतिवृष्टि स्थल पर विद्युत लाइन काटने हेतु दल गठित करना, आपदा की स्थिति में फायर ब्रिग्रेड दल को सुलभ रखना, तैराक की व्यवस्था करने सहित निगम के अन्य वाहनों को कार्यशील अवस्था में रखने के निर्देश संबंधितों को दिए।

स्वदेश 24/6/21

# मास्क की अनिवार्यता के लिए निगम ने निकाला फ्लैग मार्च

**- कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं**
**- बगैर मास्क वाले 125 व्यक्तियों पर किया जुर्माना**

प्रसारण न्यूज़ ✱ रतलाम

शहर में पुनः कोरोना (कोविड-19) संक्रमण का फैलाव ना हो इस उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ फ्लैग मार्च निकालकर नगर के विभिन्न चौराहे, तिराहे, सड़के, सार्वजनिक स्थल, व्यावसायिक क्षेत्र आदि पर बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही कार्यवाही करते हुए मास्क उपलब्ध कराये।

फ्लैग मार्च नगर निगम कार्यालय परिसर से विभिन्न वाहनों के माध्यम से निकाला गया जिसमें निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा नागरिकों से अपील की जा रही थी कि वे कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने हेतु अनिवार्य रूप से मास्क लगाकर अपनी, अपने परिवार व आमजन की सुरक्षा करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने नेतृत्व में फ्लैग मार्च नगर निगम कार्यालय परिसर से होते हुए कालेज रोड, नाहरपुरा, डालूमोदी बाजार, गणेश देवरी, चौमुखी पुल, चांदनी चौक, बजाजखाना, शहर सराय आदि स्थानों पर पंहुचा। इस दौरान 125 व्यक्ति व दुकानदार बगैर मास्क के पाये जाने पर संबंधितों पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क प्रदान किये गये व भविष्य में अनिवार्य रूप से मास्क लगाने की समझाईश दी गई। नगर निगम द्वारा बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही जारी रहेगी नागरिक अनिवार्य रूप से मास्क लगायें।

इस दौरान सीएसपी हेमन्त चौहान, उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री एम.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, विराट मेहरा सहित नगर निगम के कर्मचारी साथ थे।

प्रसारण

प्रसारण 24/6/21

**बचाव जरूरी** कोरोना के संक्रमण पर काबू और नियमों का पालन कराने के लिए बरती जा रही सख्ती

# 27 दिन में 176 नए पाजिटिव केस और 833 स्वस्थ

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में आ गई है। जून माह की शुरुआत से लगातार नए पाजिटिव केस का ग्राफ नीचे आता जा रहा है, वहीं स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। रविवार से जनता कर्फ्यू भी बंद कर दिया गया। कोविड-19 नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए सख्ती बरती जा रही है। जून के 27 दिनों में 176 नए पाजिटिव केस सामने आए हैं, वहीं 833 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया है। मौत छह हुई हैं।

अप्रैल-मई माह में चरम पर पहुंचे कोरोना संक्रमण ने शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासियों की चिंता बढ़ा दी थी, लेकिन जून माह की शुरुआत से लगातार स्थिति में सुधार आ रहा है। इससे सभी राहत महसूस कर रहे हैं। रविवार को तीन नए पाजिटिव केस सामने आए। 17 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 82 है। जिले में अब तक 17477 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17084 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

**पुलिसकर्मियों को मास्क और**



एसपी गौरव तिवारी को मास्क व सैनिटाइजर भेंट करते हुए नरेंद्रसिंह आदि। • नईदुनिया

**सैनिटाइजर वितरित:** क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण लिमिटेड की तरफ से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी गौरव तिवारी को मास्क और सैनिटाइजर वितरित किए गए। औद्योगिक थाना क्षेत्र के एसआइ जोरावर सिंह को भी मास्क और सैनिटाइजर भेंट किए गए। एरिया मैनेजर नरेंद्रसिंह ठाकुर, रतलाम ब्रांच मैनेजर बब्बन सोलंकी, रोहित वर्मा, जितेंद्र एवं संतोष उपस्थित रहे।

**कोरोना से मुक्ति की प्रार्थना के साथ यज्ञ में दी आहुतियां**

सागोद रोड पर पुराने नाके के सामने सार्वजनिक हटीलेश्वर हनुमान मंदिर अंजनी धाम में हनुमान जी की मूर्ति स्वामी नर्मदानंद बापजी के आशीर्वाद से स्थापित की गई। क्षेत्र के लोकेश परिहार ने बताया कि मूर्ति स्थापना के बाद रविवार को पंडित नंदकिशोर व्यास द्वारा कोरोना के दुष्प्रभाव से बचने के लिए हवन-पूजन किया गया। प्रभु से कोरोना वायरस की तीसरी लहर से मानव जाति को बचाने की प्रार्थना करते हुए यज्ञ में आहुतियां दी गईं। पं. राजेंद्र पाठक, पं. प्रवीण शर्मा, पं. दुर्गेश रावल, पं. अरुण व्यास का सहयोग रहा। क्षेत्र के लोकेश सुरेखा परिहार, अशोक-वंदना पचौरी, विशाल-खुशबू अग्रवाल, आशुतोष वशिष्ठ, सुभाष मूणत आदि मौजूद थे। इस अवसर पर हनुमान जी का आकर्षक शृंगार भी किया गया। अंत में आरती उतारकर प्रसाद वितरित की गई।


सागोद रोड पर पुराने नाके के सामने यज्ञ में आहुतियां देते हुए श्रद्धालु। • नईदुनिया

**युवा शक्ति कोरोना से मुक्ति अभियान का दिया प्रशिक्षण**

शासकीय कला व विज्ञान महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा युवा शक्ति कोरोना से मुक्ति अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश शासन द्वारा पीडीएफ में भेजी गई प्रशिक्षण सामग्री के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। प्राचार्य डा. संजय वाते के मार्गदर्शन में अध्यक्षता करते हुए डा. स्वाति पाठक ने अभियान का महत्व बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से वैक्सीनेशन के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता लाने का आह्वान किया। प्रो. पूनम चौधरी ने टीकाकरण का महत्व और इसके प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया। डा. भारती लुणावत ने कोविड-19 नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि टीका लगवाने के बाद भी शारीरिक दूरी का पालन और मास्क पहनना जरूरी है। प्रो. रियाज मंसूरी ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रो. उन्नति भावरे विशेष रूप से उपस्थित थीं। संचालन डा. श्वेता टेवानी ने किया। आभार राजनीति विज्ञान पूर्वार्द्ध के छात्र यश ठक्कर ने माना।

नईदुनिया 28/6/21

# 993 मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा

## स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़ा जायेगा

रतलाम । रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 26 जून तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 993 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 26 जून को दीनदयाल नगर, बाजना बस स्टैण्ड, हाट रोड आदि क्षेत्रों से 6 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विप[illegible]त है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी। नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान है। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए0पी0 सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

# गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम 26 जून । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने


**धोलावाड़ डेम में दो साल तक का पानी, फिर भी शहर प्यासा**

# ये कैसी व्यवस्था : जून के 27 दिन में महज 10 दिन घरों तक पहुंचा पेयजल

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर के लिए दो वर्ष तक पेयजल उपलब्ध हो सके, इतना पानी सरोजसरोवर याने की धोलावाड डेम में है। इसके बाद भी जून माह के 27 दिन में शहर के अलग-अलग क्षेत्र में मात्र 10 दिन ही पीने का पानी नसीब हुआ है। धोलवाड के रास्ते शहर में बनी हुई पेयजल टंकियां व अन्य मिलाकर कुल 26 केंद्र से पेयजल वितरण एक दिन छोड़कर एक दिन होता है, फिर भी यह स्थिति है।



## बिजली की कटौती बनी परेशानी

निगम का कहना है कि पर्याप्त बिजली के अभाव में पेयजल टंकिया नहीं भर पा रही है, इसलिए आपुर्ति प्रभावित हुई है, जबकि बिजली कंपनी का दावा है कि निगम गलत जानकारी दे रहा है। धोलावाड़ में इस समय 384.20 मीटर पेयजल है। यह पेयलन पूर्व के समय के बने हुए इंटकवेल तक पहुंच गया है। नया इंटकवेल 490 मीटर पर बना हुआ है। निगम के अधिकारियों के अनुसार अगस्त से लेकर सितंबर तक होने वाली बारिश में नए इंटकवेल तक पानी आ जाता है। ऐसे में फिलहाल जो पेयजल है, वो भी पर्याप्त पानी मिल सके इतना है।

## यहां से पेयजल होता वितरण

गंगासागर, न्यू ग्लोबस कॉलोनी, विनोबा नगर, दीनदयाल नगर, गांधीनगर, कस्तुरबा गनर, शांतिनगर, काटजू नगर, देवरादेव नारायण नगर, अलकापुरी, डोसीगांव, खेतलपुर, रत्नपुरी, सनसिटी, तक्षशिला, शुभमश्री कॉलोनी, रिद्धिसिद्धि कॉलोनी, अंबिका नगर, गोकुलधाम कॉलोनी, आशाराम बापू नगर, सिंी कॉलोनी, सिद्धांचलन एक्सटेंशन, नेहरू स्टेडियम टंकी आदि क्षेत्र से शहर को पेयजल मिलता है।

## बिजली आपूर्ति सतत नहीं

शहर में धोलावाड़ से पेयजल आता है। सतत बिजली की आपुर्ति नहीं होने से पेयजल टंकियां समय पर नहीं भर पा रही है। इसलिए देरी से पेयजल वितरण हो रहा है। इस समस्या के समाधान के प्रयास जारी है। - **सत्यप्रकाश आचार्य**, प्रभारी, जलविभाग नगर निगम

धोलावाड़ में इस माह एक दिन दो घंटे के लिए बिजली का शट डाउन किया गया था। इसके अलावा शहर में 27 दिन में 27 मिनट के लिए भी बिजली आपुर्ति प्रभावित नहीं हुई है।
- **अवधेश शर्मा**, पीआरओ, मप्र विद्युत वितरण कंपनी

पत्रिका 28/6/21

**आयुक्त ने जारी किए जवाबदेह के मोबाइल नंबर**

# तैयारी: बारिश में जलजमाव हो तो निगम में दी जिम्मेदारी

रतलाम. बारिश के दौरान मोहल्लों में पानी जमा होने, बारिश के पानी से परेशानी होने या मानसून के दौरान होने वाली परेशानी से शहर को बचाव के लिए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। जिम्मेदारी देने के साथ ही आयुक्त झारिया ने जवाबदेह अधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी कर दिए हैं।

## इनका दी है क्षेत्रवार जिम्मेदारी

- गांधीनगर कम्युनिटी हॉल पर **विशाल भटनागर 9300885504**
- ईश्वर नगर विद्यालय भवन पर **मुकेश मेहता 9629647211**
- शैरानीपुरा जमातखाना पर **विजय अग्रवाल 9907454456**
- अम्बेडकर मांगलिक भवन पर **राजेशसिंह सेंगर 7697052031**
- अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर **प्रदीप उपाध्याय 9589944748**
- भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी पर **महेश व्यास 9752971374**
- श्री जैन उमा विद्यालय सागोद रोड पर **सुनील कपूर 9644000433**
- धीरजशाह नगर रॉयल हॉल पर **कुलदीप भट्ट 7471144027**
- नियंत्रण कक्ष दूरभाष **नम्बर 07412-270563**

पत्रिका 28/6/21

## जिले में नहीं होगा टीकाकरण

# आज शहर में 10 स्थानों पर सिर्फ को-वैक्सीन लगेगी

### 3 हजार को-वैक्सीन से लगाए जाएंगे सत्र

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सोमवार के सत्र के लिए जिले को कोविशिल्ड वैक्सीन मिलने के आसार थे लेकिन टीके नहीं मिले। 3 हजार को-वैक्सीन मिली है, इसी के सहारे सोमवार के सत्र लगेंगे। सिर्फ शहर में सत्र लगेंगे, जिले में टीकाकरण नहीं होगा। 28 जून को शहरी क्षेत्र में 10 स्थानों पर टीके लगाए जाएंगे। इन स्थानों पर बिना स्लॉट बुकिंग के टीके लगेंगे। 18 साल से ज्यादा आयु का व्यक्ति जन्म दिनांक वाली आईडी लेकर सीधे टीका लगवा सकता है।

### यहां लगेगी वैक्सीन

रामकला सभागृह, लक्ष्मणपुरा, गुरुनानक सिंधु भवन, विरियाखेड़ी रोड, शांति निकेतन टाटा नगर, सगरवंशी माली समाज धर्मशाला मालीकुआं, डीआरपी लाइन, आनंद कॉलोनी, लायंस हॉल पावर हाउस रोड, कालिका माता सभागृह कालिका माता मंदिर, सूरज हॉल वेद व्यास कॉलोनी में पहला डोज लगाया जाएगा। को-वैक्सीन का दूसरा टीका पुराना कलेक्टोरेट और अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में लगेगा। जिन्हें 28 दिन पूरे हो चुके हैं, वे इन केंद्रों पर टीका लगवा सकते हैं।

## आज सिर्फ शहर में 10 स्थानों पर होगा वैक्सीनेशन

रतलाम। कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान में सोमवार को रतलाम शहर में कुल 10 स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा। जिले में अन्य कहीं भी

# आज शहरी क्षेत्र में 10 स्थानों पर को वैक्सीन का वैक्सीनेशन किया जाएगा

प्रकाश न्यूज़ * रतलाम

शहरी क्षेत्र में कोविड-19 वैक्सीनेशन महा अभियान के दौरान सोमवार 28 जून के लिए शहरी क्षेत्र में कुल 10 स्थानों का चिन्हांकन किया गया है। शहरी क्षेत्र में सभी 10 केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति जन्म दिनांक वाला आई डी लेकर सीधे उपस्थित होकर को वैक्सीन का वैक्सीन लगवा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि अभियान के दौरान ऑनलाइन प्रि बुकिंग कराना अनिवार्य नहीं है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि सोमवार 28 जून को केवल शहरी क्षेत्र में ही कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा। जिले में अन्य किसी भी केंद्र पर वैक्सीनेशन नहीं होगा।

शहरी क्षेत्र रतलाम में रामकला सभागृह लक्ष्मण पुरा रतलाम, गुरु नानक सिंधु भवन बिरिया खेड़ी रोड

रतलाम, लायंस हॉल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे पावर हाउस रोड रतलाम, कालिका माता सभागृह कालिका माता मंदिर रतलाम, सूरज हाल वेद व्यास कॉलोनी रतलाम पर को वैक्सीन का प्रथम डोज लगाया जाएगा।

रतलाम शहर के दो केंद्र को वैक्सीन का केवल दूसरा टीका लगाने के लिए आरक्षित किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में को वैक्सीन का दूसरा टीका पुराना कलेक्ट्रेट रतलाम तथा अलकापुरी कम्युनिटी हॉल रतलाम में लगाया जाएगा। शहरी क्षेत्र रतलाम में जिन लोगों को को वैक्सीन का पहला टीका लगवा कर 28 दिन पूर्ण हो चुके हैं, वे सभी इन दोनों केंद्रों में किसी केंद्र पर उपस्थित होकर अपना को वैक्सीन का दूसरा टीका लगवा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रथम टीका यदि को वैक्सीन का लगा है तो दूसरा टीका भी को वैक्सीन का ही लगेगा। और यदि पहला टीका कोविशिल्ड का लगा है, तो दूसरा टीका भी कोविशिल्ड का



# मास्क की अनिवार्यता के लिये निगम ने निकाला फ्लैग मार्च

## कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु अनिवार्य रूप से मास्क लगायें

रतलाम । रतलाम शहर में पुनः कोरोना (कोविड-19) संक्रमण का फैलाव ना हो इस उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ फ्लैग मार्च निकालकर नगर के विभिन्न चौराहे, तिराहे, सड़के, सार्वजनिक स्थल, व्यावसायिक क्षेत्र आदि पर बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही कार्यवाही करते हुए मास्क उपलब्ध कराये। फ्लैग मार्च नगर निगम कार्यालय परिसर से विभिन्न वाहनों के माध्यम से निकाला गया जिसमें निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा नागरिकों से अपील की जा रही थी कि वे कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने हेतु अनिवार्य रूप से मास्क लगाकर अपनी, अपने परिवार व आमजन की सुरक्षा करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने नेतृत्व में फ्लैग मार्च नगर निगम कार्यालय परिसर से होते हुए कालेज रोड, नाहरपुरा, डालूमोदी बाजार, गणेश देवरी, चौमुखी पुल, चांदनी चौक, बजाजखाना, शहर सराय आदि स्थानों पर पंहूचा। इस दौरान 125 व्यक्ति व दुकानदार बगैर मास्क के पाये जाने पर संबंधितों पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क प्रदान किये गये व भविष्य में अनिवार्य रूप से मास्क लगाने की समझाईश दी गई। नगर निगम द्वारा बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही जारी रहेगी नागरिक अनिवार्य रूप से मास्क लगायें।

इस दौरान सीएसपी श्री हेमन्त चौहान, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री एम.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री ब्रजेश कुशवाह, झोन प्रभारी सर्वश्री किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, विराट मेहरा सहित नगर निगम के कर्मचारी साथ थे।

# निगम ने निकाला फ्लैग मार्च, बगैर मास्क वाले 125 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ फ्लैग मार्च निकालकर नगर के विभिन्न चौराहे, तिराहे, सड़के, सार्वजनिक स्थल, व्यावसायिक क्षेत्र आदि पर बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही कार्यवाही करते हुए मास्क उपलब्ध कराये। फ्लैग मार्च निगम कार्यालय से विभिन्न वाहनों के माध्यम से निकाला। इस दौरान 125 व्यक्ति व दुकानदार बगैर मास्क के पाये जाने पर संबंधितों पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क प्रदान किये गये व भविष्य में अनिवार्य रूप से मास्क लगाने की समझाईश दी गई। नगर निगम द्वारा बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही जारी रहेगी नागरिक अनिवार्य रूप से मास्क लगायें। इस दौरान सीएसपी हेमन्त चौहान, उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री एम.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, विराट मेहरा सहित नगर निगम के कर्मचारी साथ थे।

# शहर से कितना कचरा उठा, ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कर रहे वजन

## कचरा संग्रहण के कार्य में कसावट, औसतन निकलता है 80 से 85 टन कचरा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर की कचरा संग्रहण व्यवस्था में मानीटरिंग के लिए जीपीएस सिस्टम के साथ ही अब ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचने वाले कचरे का वजन भी किया जा रहा है। अब अगर वार्डों में कहीं कचरा उठाने में कोताही होती है तो वजन करने से भी प्रतिदिन की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। जिस दिन कचरे का वजन कम रहेगा, उस दिन संबंधितों से इसका कारण पूछकर लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई भी की जा सकेगी। 25 से 27 जून तक तीन दिनों में कुल 250 टन कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया है।



रतलाम नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन। • फाइल फोटो

मालूम हो कि शहर के 49 वार्डों और सार्वजनिक स्थलों से प्रतिदिन औसतन 80 से 85 टन कचरा निकलता है। निगम के कचरा संग्रहण वाहनों व कांपेक्टर के माध्यम से यह कचरा जुलवानिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जाता है। स्वच्छ सर्वेक्षण मानकों को पूरा करने के लिए अब कचरा निष्पादन की व्यवस्था भी बेहतर की जा रही है। गीला, सूखा, मेडिकल वेस्ट का कचरा अलग-अलग संग्रहित करने के लिए निगम अमले के साथ ही एनजीओ को भी लगाया गया है। निगम की सफाई व्यवस्था में लगे सभी 143 वाहनों पर पहले ही जीपीएस उपकरण लगाए जा चुके हैं। अब गीले-सूखे कचरे व सड़कों, नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है।

### शहर में तीन दिन के कचरा संग्रहण पर नजर

1. 27 जून को 62.68 टन कचरा उठाया गया। इसमें डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 39815, कामपेक्टर सूखा कचरा 13550, कामपेक्टर गीला कचरा 8210 व कंटेटमेंट मैजिक से 1105 किलो कचरा शामिल है।

2. 26 जून को 87 टन कचरे में डम्पर व ट्रैक्टर-ट्राली से 48055, काम्पेक्टर सूखा कचरा 23245, गीला कचरा 15000 व कंटेटमेंट मैजिक से 1140 किलो कचरा संग्रहित किया गया।

3. 25 जून को 101 टन कचरा जुलवानिया पहुंचा। इसमें डम्पर व ट्रैक्टर-ट्राली से 61805, काम्पेक्टर सूखा कचरा 20440, गीला कचरा 16100 व कंटेटमेंट मैजिक से 2995 किलो कचरा शामिल है।

**कचरा निष्पादन के लिए आधुनिक प्लांट लगाने की तैयारी :** शहर से निकलने वाले कचरे के शत-प्रतिशत निष्पादन के लिए नगर निगम अब आधुनिक प्लांट लगाएगा। इसके लिए तकनीकी जानकारी जुटाकर टेंडर तैयार किए जा रहे हैं। इस प्लांट के लगने के बाद सभी तरह के कचरे का निष्पादन हो सकेगा। इससे स्वच्छ सर्वेक्षण में रैंकिंग भी सुधरेगी। अभी तक हर बार कचरा निष्पादन के इंतजामों में कमी के चलते ही रैंकिंग में नुकसान उठाना पड़ा है।

**पुराने वाहनों से परेशानी:** कचरा संग्रहण के लिए प्रतिदिन 53 से 54 छोटे वाहनों की आवश्यकता रहती है। अभी निगम के पास 86 वाहन हैं, लेकिन वर्ष 2012-13 में लिए गए वाहनों में आए दिन खराबी आने से व्यवस्था प्रभावित होती है। इसके चलते कुछ वार्डों में कचरा संग्रहण का क्रम भी प्रभावित होता है।

> कचरा संग्रहण को लेकर निगम के पास डाटा है। इसमें 80 टन प्रतिदिन का औसत मानते हैं। जीपीएस, कर्मचारियों की तैनाती का भौतिक सत्यापन करने के साथ ही अब ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे का वजन भी करवा रहे हैं। इससे एक बार में ही दिन भर की स्थिति पता चल जाएगी। कचरा कम उठने पर जहां कमी होगी वहां सुधार करेंगे और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-सोमनाथ झारिया**, निगमायुक्त

नईदुनिया २८/६/२१

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं

# मास्क की अनिवार्यता के लिए निगम ने निकाला फ्लैग मार्च, 125 पर किया जुर्माना

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में पुनः कोरोना संक्रमण का फैलाव ना हो इस उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ फ्लैग मार्च निकालकर नगर के विभिन्न चौराहे, तिराहे, सड़कें, सार्वजनिक स्थल, व्यावसायिक क्षेत्र आदि पर बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही कार्यवाही करते हुए मास्क उपलब्ध कराए। इस दौरान 125 ऐसे लोग मिले जिन्होंने मास्क नहीं लगाया हुआ था। इसके बाद प्रत्येक पर 100 रुपए का जुर्माना लगाकर 12500 रुपए का अर्थदंड वसूला गया।




फ्लैग मार्च नगर निगम कार्यालय परिसर से विभिन्न वाहनों के माध्यम से निकाला गया। जिसमें निगम आयुक्त झारिया द्वारा नागरिकों से अपील की जा रही थी कि वे कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने हेतु अनिवार्य रूप से मास्क लगाकर अपनी, अपने परिवार व आमजन की सुरक्षा करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें। फ्लैग मार्च नगर निगम कार्यालय परिसर से होते हुए कालेज रोड, नाहरपुरा, डालूमोदी बाजार, गणेश देवरी, चौमुखी पुल, चांदनी चौक, बजाजखाना, शहर सराय आदि स्थानों पर पहुंचा। इस दौरान 125 व्यक्ति व दुकानदार बगैर मास्क के पाये जाने पर संबंधितों पर 100-100 रुपये का जुर्माना कर मास्क दिए गए।

## यह रहे उपस्थित

इस दौरान सीएसपी हेमन्त चौहान, उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री एमके जैन, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, विराट मेहरा सहित नगर निगम के कर्मचारी साथ थे।

पत्रिका 28/6/21